हर पल शुकर करूँ मेरे साई तू सदा मेरे साथ है

हर पल शुकर करूँ,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है,
आएगी मुश्किल नही,
मेरे सर पे साई जी तेरा हाथ है,
हर पल शुकर करूं,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है।bd।

अपनी दया तूने सदा बरसाई है,
अंग संग चला बन कर परछाई है,
पल पल मुझे तुमने दी,
साई खुशियों से भरी सौगात है,
हर पल शुकर करूं,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है।bd।

जिंदगी के मुझे नए रस्ते दिखाए है,
दबे हुए अरमान फिर से जगाए है,
जीवन के अंधियारों में,
रोशनी की करी बरसात है,
हर पल शुकर करूं,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है।bd।

हर पल बाबा मेरा साथ निभाया है
मेरी किस्मत तेरा दरबार पाया है
शर्मा तेरा हो गया
तेरी ऐसी हुई करामात है
हर पल शुकर करूं,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है।bd।

हर पल शुकर करूँ,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है,
आएगी मुश्किल नही,
मेरे सर पे साई जी तेरा हाथ है,
हर पल शुकर करूं,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com